मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-591
15/11/2023

# मुख्यमंत्री ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 50वां शतक लगाकर विश्व का पहला क्रिकेट खिलाड़ी बनने पर भारतीय बल्लेबाज श्री विराट कोहली को दी बधाई एवं शुभकामनायें

पटना, 15 नवम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 50वां शतक लगाकर विश्व का पहला क्रिकेट खिलाड़ी बनने पर भारतीय बल्लेबाज एवं टीम इंडिया के पूर्व कप्तान श्री विराट कोहली को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि श्री विराट कोहली ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 50वां शतक लगाकर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। श्री विराट कोहली ने भारत के ही महान क्रिकेट खिलाड़ी श्री सचिन तेंदुलकर के एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 49 शतक के रिकॉर्ड को आज तोड़ दिया है। श्री विराट कोहली की यह उपलब्धि उनके क्रिकेट के प्रति जुनून, समर्पण और निरंतर परिश्रम का फल है। आप पर पूरे देश को गर्व है। मैं उनके सुखद भविष्य की कामना करता हूँ।

******